## 10- सी0बी0गुप्ता बी0एस0एस0 महाविद्यालय, चन्द्रावल, लखनऊ




सी0बी0गुप्ता बी0एस0एस0 महाविद्यालय की स्थापना श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त जी की स्मृति में की गयी। उनके अनुसार जीवन के संग्राम में सफल होने के लिए व्यक्ति और समाज को सामर्थ्यवान बनाना ही शिक्षा का प्रयोजन होना चाहिए। इन्हीं विचारों के आलोक में लखनऊ के ग्रामांचल में सी0बी0गुप्ता बी0एस0एस0 महाविद्यालय की स्थापना, चन्द्रावल लखनऊ में की गयी। अल्पतम शुल्क के साथ उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करके देश के भविष्य को संवारना और उन्हें सक्षम नागरिक बनाना ही इस संस्था का अभीष्ट है।

यह महाविद्यालय लगभग 14 एकड़ की विस्तृत भूमि पर अवस्थित है। वर्ष 2018 में इस महाविद्यालय की स्थापना से लेकर सतत् शैक्षिक गतिविधियों के अतिरिक्त कई प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक और विविध क्रीड़ा सम्बन्धी आयोजन किये जाते रहे हैं।

महाविद्यालय की स्थापना से लेकर सतत् शैक्षिक गतिविधियों के साथ समय-समय पर सामाजिक,सांस्कृतिक एवं खेलकूद के आयोजन होते रहे हैं। इसी क्रम में सत्र 2022-23 में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए होने वाले विविध क्रियाकलाप एवं उनकी उपलब्धियों का विवरण निम्नवत् हैः-

- सत्रारम्भ में महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुधा बाजपेई ने समस्त शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात् उन्हें महाविद्यालय के अनुशासन तथा नियमों के विषय में बताया। विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह भी दी।
- दिनांक 05.06.2022 को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या के साथ भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 आर0सी0 त्रिपाठी, प्रबन्धक डॉ0 जे0एन0 मिश्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री0 आर0के0 सिंह ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के आम, अमरूद, इमली, आंवला एवं नीम के फलदार, छायादार एवं उपयोगी पौधों के रोपण का कार्य किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने के साथ ही महत्वपूर्ण तिथियों के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प भी लिया गया।
- दिनांक 10.06.2022 को डी0जी0शक्ति कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में स्मार्टफोन विरतण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोजनी नगर क्षेत्र के विधायक माननीय श्री राजेश्वर सिंह, भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री आर0सी त्रिपाठी, प्रबन्धक डॉ0 जे0एन0 मिश्रा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुधा बाजपेई के साथ अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा आसपास के गांवों के प्रधान भी उपस्थित थे। श्री राजेश्वर सिंह जी के कर कमलों द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन का शिक्षा के क्षेत्र में उचित उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की सलाह भी दी।

- 21.06.2022 को महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस के उपलक्ष्य में 'योग फॉर ह्यूमैनिटी' कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या के साथ समस्त शिक्षकगण शिक्षणेतर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने सामूहिक रुप से योग के विभिन्न आसन किये।
- दिनांक 23.06.2022 को महाविद्यालय परिसर में ओलम्पिक डे के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें टीम मैरिकॉम के अन्तर्गत बी0ए0 द्वितीय वर्ष की बन्दना सिंह यादव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष की दीक्षा की टीम ने द्वितीय स्थान एवं बी0कॉम प्रथम वर्ष की साक्षी कन्नौजिया की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक आजादी की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नवत् हैः-
- अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुधा बाजपेई, समस्त शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर आजादी के गीत गाते हुए महाविद्यालय से लक्ष्मण खेड़ा, कालू खेड़ा, चन्द्रावल गांव तक तिरंगा यात्र तय की, चन्द्रावल गांव में आजादी को लेकर लघु नाटिका भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई।
- महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका विषय **आजादी के प्रमुख व्यक्तित्व** था जिसमें प्रथम स्थान बी0काम0 प्रथम वर्ष के छात्र आशीष धीमान, द्वितीय स्थान संजना पटेल एवं तृतीय स्थान आशीष कुमार को प्राप्त हुआ। वहीं बी0ए0 में गीता ने प्रथम, आंकाक्षा ने द्वितीय एवं प्रीती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- इसी कड़ी में (निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया) जिसका विषय **आजादी का वर्तमान समय में महत्व** विषय पर जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्र अंकिता यादव ने प्रथम, दीपाली ने द्वितीय तथा प्रीती रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 07.08.2022 को महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय **आजादी के मायने** था जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्र अंकिता यादव ने प्रथम, आयुषी यादव ने द्वितीय एवं प्रीती रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 15.08.2022 को सेल्फी विद् तिरंगा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र अंजनी कुमार त्रिपाठी ने प्रथम, बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्र आयुषी यादव ने द्वितीय एवं बी0कॉम प्रथम वर्ष की छात्र साक्षी कन्नौजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 15.08.2022 को गौरवान्वित होने वाला स्वर्णिम दिवस स्वतंत्रा दिवस बड़ी धूमधाम तथा उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में समस्त शिक्षकगण शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित हुए। महाविद्यालय में प्राचार्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी लोगों ने राश्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत गाया।
- दिनांक 02.10.2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के रुप में मनाई गयी। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या, समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी उत्साहित होकर कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया।
- दिनांक 20.10.2022 को महाविद्यालय में स्नातक कला तथा वाणिज्य वर्ग में स्नातक प्रथम वर्ष का स्वागत तथा अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वचन से अभिसिंचित किया।
- दिनांक 19.12.2022 को महाविद्यालय परिसर में काकोरी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की इतिहास की प्रवक्ता डॉ. बन्दना सिंह ने विद्यार्थियों को काकोरी काण्ड के विशय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर काकोरी विशय पर निबन्ध प्रतियोगिता हुई जिसमें क्रमशः बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्र आयुषी यादव, खुशी चौरसिया एवं संजना राजपूत को

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

- दिनांक 04.01.2023 को कल्याणम् करोति समाजसेवी संस्था एवं भारत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में के0जी0एम0यू0 के नेत्र विभाग के डॉक्टरों की टीम के द्वारा ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 जे0एन0 मिश्रा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुधा बाजपेयी एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।
- दिनांक 13.02.2023 को यू0पी0 प्रोडक्टीविटी काउसिंल के द्वारा महाविद्यालय में Productivity, Green Growth and Sustainability: celebrating India's G20 Presidency विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही के.के.सी. महाविद्यालय के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। इसमें बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अनुष्का यादव को प्रथम, बी.काम प्रथम वर्ष की छात्र काव्या राय को द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्र आयुषी यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पी0सी0एस0 अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह एवं प्राचार्य डॉ0 सुधा बाजपेई ने विजयी प्रतिभागियों को को प्रोत्साहित करते हुए रू. दस हजार का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।
- दिनांक 15.02.2023 से 16.02.2023 को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें शिया पी.जी. कालेज में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- दिनांक 16.02.2023 को क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में ग्रुप डान्स प्रतियोगिता हुई, जिसमें महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा बबिता लोधी एवं बी0काम0 प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी कन्नौजिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।
- दिनांक 16.02.2023 को महाविद्यालय परिसर में मोटीवेशनल स्पीकर एवं शौर्य चक्र विजेता रिटायर्ड कर्नल डॉ0 जाहिद सिदि्दकी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणादायक बातें बताई।
- दिनांक 04.04.2023 को महाविद्यालय परिसर में G-20 कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगता हुई, जिसमें बी0ए0 तृतीय वर्श की छात्रा नीलम रावत ने प्रथम , बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्र लक्ष्मी यादव ने द्वितीय एवं बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा अनुष्का यादव ने प्रथम, बी0काम0 प्रथम वर्ष की छात्रा काव्या राय ने द्वितीय तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा आयुषी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा आयुषी यादव ने प्रथम, बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा मानसी यादव को द्वितीय तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा संजना राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें विभिन्न विषयों से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुदृढ़ अध्ययन का परिवेश उपलब्ध कराने के साथ अध्ययन की भावना को प्रोत्साहित करना है।

महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। बी0ए0 तृतीय वर्ष में प्रियंका देवी ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दीपा ने 66 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा अमित सिंह यादव ने 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य वर्ग में मुस्कान शर्मा ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, सुशील कुमार यादव ने 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान एवं शोभना कश्यप ने 62 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रर्दशन किया है।

सी0बी0गुप्ता बी0एस0एस0 महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सत्र 2022-23 में महाविद्यालय में क्रीड़ा के उपकरण यथा-क्रिकेट बैट, बैडमिन्टन रैकेट, वॉलीबाल, हैण्डबॉल कैरम, शंतरज शॉटपुट, फुटबाल आदि सामान विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराये गये हैं, जिससे शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

खेलकूद के माध्यम से महाविद्यालय को गौरवान्वित कराने में महाविद्यालय की दो छात्राएं काजल शर्मा एवं अनामिका देवी ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदक प्राप्त कर अपना एवं महाविद्यालय का नाम रौशन किया। सत्र 2022 में काजल शर्मा ने बैगलूरू में आयोजित खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 3 किलोमीटर स्टीपल चेंज प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। 81वें ऑल इण्डिया यूनिर्वसिटी एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप जो कि 21 से 24 फरवरी 2022 भुवनेश्वर में आयोजित की गई, में काजल शर्मा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। भुवनेश्वर में नार्थ ईस्ट जोन अन्तर विश्वविद्यालयी एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण

पदक जीता। 16 मार्च 2023 को चेन्नई में हुई अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में काजल शर्मा ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में 10 मिनट 32 सेकेण्ड का समय लेते हुए रजत पदक जीत कर कालेज के गौरव को बढ़ाया। महाविद्यालय की छात्र काजल शर्मा लखनऊ विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में पदक प्राप्त करने वाली एकमात्र खिलाड़ी है।

इस प्रकार महाविद्यालय अपने उत्कृष्ट शिक्षण एवं सांस्कृतिक, सामाजिक विभिन्न गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को निखारने तथा उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने में सतत् प्रयत्नशील है।

## अन्य समाजसेवी कार्य

- श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त जी की जन्मतिथि 14 जुलाई 2022 व पुण्यतिथि 11 मार्च 2023 को मोहनलालगंज, लखनऊ कुष्ठाश्रम में रहने वाले 500 व्यक्तियों के भण्डारे का आयोजन किया गया।
- श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त जी की पुण्यतिथि 11 मार्च 2023 को सेवाकुटीर, पानदरीबा में 150 लोगों के भण्डारे का आयोजन किया गया।
- जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर द्वारा श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त की स्मृति में किये गये 300 निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चार लाख पचास हजार रुपये दिनांक 01.03.2023 में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भेजा गया।
- ग्राम विकास योजना हथौंधा इकाई में क्षेत्र के निर्धन एवं असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु 247 कम्बल का वितरण दिनांक 06.01.2023 में संस्थान के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।
- जनपद-हरदोई की जिला जेल में निरूद्ध कैदियों को भीषण ठंड में राहत हेतु संस्थान के उपाध्यक्ष माननीय डा0 अशोक बाजपेयी जी के द्वारा दिनांक 18.12.2022 को 500 कम्बलों का वितरण किया गया।
- जनपद-सीतापुर के ग्राम अम्बरपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित निर्धन, असहाय वर्ग के लोगों में 250 कम्बलों का वितरण संस्थान द्वारा किया गया।
- आचार्य नरेन्द्र देव की जन्मतिथि व पुण्यतिथि को हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
- **संस्थापक मा0 श्री चन्द्रभानु गुप्त जी का जन्म दिवस समारोह ( 14 जुलाई, 2022)-:** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जुलाई, 2022 को प्रातः मोतीमहल स्थित उनकी समाधि स्थल पर हवन, पूजन व पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तदोपरांत चन्द्रभानु गुप्त स्मारक नवचेतना केन्द्र तथा रवीन्द्रालय स्थित उनकी मूर्तियों पर माल्यापर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके निवास स्थान सेवाकुटीर में भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मदर टरेसा की चेरीटेबल संस्था जो मोहनलाल गंज लखनऊ में स्थित है वहां पर 300 कुष्ठ रोगियों के लिए भण्डारा कराया गया।

**पुण्य तिथि-:**

11 मार्च, 2023 को भारत सेवा संस्थान और मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में माननीय श्री चन्द्रभानु गुप्त जी की पुण्यतिथि पर पूर्ववत् विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मदर टरेसा की चेरीटेबल संस्था जो मोहनलाल गंज लखनऊ में स्थित है वहां पर 250 कुष्ठ रोगियों के लिए भण्डारा कराया गया। इसके अलावा स्व. चन्द्रभानु गुप्त के निवास स्थान पानदरीबा की कोठी पर भी 150 लोगों के लिए भण्डारा कराया गया। दोनों स्थानों पर लगभग 400 लोगों ने भोजन किया।